झारखंड–सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
–सह–संयुक्त सचिव,
झारखंड, रांची।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र–2, कम्यूनिटी सेन्टर,
प्रीत विहार, विकास मार्ग,
नई दिल्ली–110092

रांची, दिनांक 9-9-2011

विषयः– **इंडियन हेरिटेज स्कूल, मित्रा गार्डेन, जसीडीह, देवघर को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इंडियन हेरिटेज स्कूल, मित्रा गार्डेन, जसीडीह, देवघर से प्राप्त आवेदन (छायाप्रति संलग्न) पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार ने इस विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से सम्बद्धता हेतु निम्नांकित शर्तों के साथ तीन वर्षों के लिए अस्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया है:–

(i) यह अनापत्ति प्रमाण पत्र मात्र सैद्धान्तिक होगा तथा सी0बी0एस0ई0 बोर्ड अपने निर्धारित मानकों के आधार पर विद्यालय का निरीक्षण करेंगे एवं अपने निर्धारित शर्तों को पूरा करने के पश्चात् ही विद्यालय को अपनी सम्बद्धता प्रदान करेंगे।

(ii) विद्यालय प्रबंधन ने यह शपथ पत्र दिया है कि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा जो भी नियमावली/निदेश निजी विद्यालय के लिए जारी किये जायेंगे, विद्यालय प्रबंधन उनका अक्षरशः पालन करेंगे।

(iii) विद्यालय प्रबंधन अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 एवं एतद् संबंधित राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित नियमावली के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करेंगे।

(iv) विद्यालय में 25% नामांकन बी0पी0एल0 श्रेणी के छात्रों का किया जायेगा।

(v) विद्यालय प्रबंधन एन0सी0टी0ई0 के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति करेंगे तथा शिक्षकों को केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के शिक्षकों को मिलने वाले वेतन भत्तों से कम वेतन भुगतान नही करेंगे।

(vi) राज्य सरकार द्वारा नामित कोई भी पदाधिकारी राज्य सरकार के निदेश पर विद्यालय का निरीक्षण कर सकतें है।

(vii) यदि विद्यालय इन शर्तों का विचलन करता है तो राज्य सरकार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यालय को दिये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र रद्द करते हुए सी0बी0एस0ई0 को अपनी मान्यता समाप्त करने हेतु संसूचित कर दिया जायेगा।

Principal
Indian Heritage School
Jasidih, Deoghar
CBSE aff. No.-3430285
School No.-66482

Dr. Navin Kumar
Secretary
Indian Heritage School
(A unit of Sri Sam...
Memorial Educational Society)
Rohini Road, Jasidih, Deoghar
Jharkhand - 814142

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
–सह–संयुक्त सचिव
झारखंड, रांची।

ज्ञापांक–6/अ.4–18/2005 2412 / रांची, दिनांक 9-9-2011

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी/विभागीय प्रधान सचिव के सचिव/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका/जिला शिक्षा पदाधिकारी, देवघर/सचिव/प्राचार्य, इंडियन हेरिटेज स्कूल, मित्रा गार्डेन, जसीडीह, देवघर को सूचनार्थ एवं